पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल ने डॉ0 आंबेडकर की जयन्ती पर बधाई दी

————————

लखनऊः 13 अप्रैल, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव आंबेडकर की जयन्ती पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है।

राज्यपाल जी ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि संविधान शिल्पी डॉ0 भीमराव आंबेडकर का बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व सभी के लिये अनुकरणीय है। समाज के दबे–कुचले वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। राज्यपाल जी ने कहा कि बाबा साहेब के संघर्ष भरे जीवन और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर सभी को समर्पित भाव से राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए।

————————

राजभवन/सम्पर्क सूत्र– 9453005360